# 59 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

## उत्तर प्रदेश में योगी सरकार का बजट में उद्योग से महिला कल्याण तक बड़ा निवेश

**लखनऊ, 04 अगस्त। उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ?59,019.54 करोड़ के अनुपूरक बजट को सदन में प्रस्तुत किया.**

योगी सरकार के इस अतिरिक्त बजट में विकास परियोजनाओं को तेज करने, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और जनकल्याणकारी योजनाओं को मजबूती देने पर विशेष जोर दिया गया है. वित्त मंत्री ने बताया कि अनुपूरक बजट का आकार इस वर्ष के मूल बजट का करीब 6.47 प्रतिशत है. इसमें राजस्व लेखा का व्यय 17,399.50 करोड़ और पूंजी लेखे का व्यय 41,620.04 करोड़ रखा गया है. सरकार ने पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता देते हुए सड़क, ऊर्जा, उद्योग, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने का लक्ष्य रखा है. अनुपूरक बजट में नई योजनाओं और आवश्यकताओं के लिए 7,854.25 करोड़ की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है. सरकार का कहना है कि इससे प्रदेश में चल रही विकास परियोजनाओं को गति मिलेगी और नई योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू किया जा सकेगा.



### भारी एवं मध्यम उद्योग विभाग के लिए बड़ा प्रावधान

बजट में सबसे बड़ा प्रावधान भारी एवं मध्यम उद्योग विभाग के लिए किया गया है. इसके तहत 22,107.88 करोड़ की राशि रखी गई है. सरकार का उद्देश्य औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देना, रोजगार के नए अवसर तैयार करना और प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों को मजबूत करना है. ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाओं के विस्तार के लिए ग्राम विकास विभाग को 17,942.73 करोड़ का प्रावधान किया गया है. इस राशि से ग्रामीण अधोसंरचना, पंचायत विकास, आजीविका योजनाओं और मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने का काम किया जाएगा. प्रदेश में बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए ऊर्जा विभाग को 7,422.27 करोड़ दिए गए हैं.

# मुंबई पुलिस में 6.5 करोड़ का घोटाला

**मुंबई, 04 अगस्त. मुंबई पुलिस विभाग में करीब 6.41 करोड़ रुपये के वेतन घोटाले का मामला सामने आया है. उत्तरी क्षेत्रीय प्रभाग में 10 ऐसे लोगों के नाम पर वेतन का भुगतान किया गया, जिनका पुलिस विभाग से कोई संबंध नहीं था.**

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि करीब 10 ऐसे लोगों के नाम वेतन प्रणाली में दर्ज किए गए थे, जो पुलिस विभाग में कार्यरत नहीं थे. इनके नाम पर वेतन भुगतान किया गया. अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि ये लोग वास्तव में कौन हैं और इनके नाम पर खोले गए बैंक खातों का संचालन किसके द्वारा किया जा रहा था. पुलिस के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि विभाग की वेतन प्रणाली तक पहुंच रखने वाले लोगों ने इन फर्जी नामों को कैसे दर्ज किया और लंबे समय तक भुगतान प्रक्रिया में यह गड़बड़ी पकड़ में क्यों नहीं आई. मामले की शिकायत उत्तरी क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कार्यालय से जुड़े एक पुलिस अधिकारी ने समता नगर पुलिस थाने में दर्ज कराई.

- बिना भर्ती हुए 10 लोग लेते रहे पुलिस की सैलरी

इन लोगों को पुलिस विभाग में नियुक्त किए बिना ही वेतन अभिलेखों में कर्मचारी के तौर पर दर्ज किया गया और उनके नाम पर सरकारी धन का भुगतान होता रहा. मामले का खुलासा विभाग की वेतन प्रणाली में बदलाव के दौरान हुआ. यह पूरा मामला मुंबई पुलिस के उत्तरी क्षेत्रीय प्रभाग से जुड़ा है. आंतरिक लेखा परीक्षण के दौरान पता चला कि विभाग की वेतन प्रणाली में ऐसे फर्जी कर्मचारी दर्ज किए गए थे, जिन्हें पुलिस विभाग में कभी नियुक्त ही नहीं किया गया. इन फर्जी अभिलेखों के आधार पर लगभग 6.41 करोड़ रुपये का वेतन भुगतान किया गया. घोटाले से जुड़ी वित्तीय अनियमितताएं मुख्य रूप से दिसंबर 2019, जनवरी और फरवरी 2020 तथा जून से सितंबर 2020 के बीच की बताई जा रही हैं. हालांकि इस पूरे फर्जीवाड़े का पता हाल ही में चला.

# भारत टैक्सी बनी सहकारी राइड सेवा

## चालकों को मिलेगा मालिकाना हक

**नई दिल्ली, 4 अगस्त।** देश के परिवहन क्षेत्र में सहकारिता आधारित नई पहल के रूप में भारत टैक्सी का शुभारंभ हो गया है. सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड द्वारा संचालित यह मंच चालक-केंद्रित और जन-केंद्रित परिवहन व्यवस्था विकसित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है. इसका मकसद निजी ऐप आधारित टैक्सी सेवा कंपनियों को समाप्त करना नहीं, बल्कि यात्रियों और चालकों को सहकारी मॉडल पर आधारित सुरक्षित, विश्वसनीय, पारदर्शी और किफायती परिवहन का विकल्प उपलब्ध कराना है.

भारत टैक्सी के तहत वाहन चालकों को 'सारथी' के रूप में मंच से जोड़ा गया है. उन्हें केवल सेवा देने वाले चालक के बजाय सदस्य और हितधारक के रूप में जोड़ने की व्यवस्था की गई है. इसका उद्देश्य चालकों के लिए स्वरोजगार के अवसर बढ़ाना, उनकी आय और आर्थिक स्थिति को मजबूत करना तथा सहकारिता के सिद्धांतों के आधार पर तकनीक आधारित परिवहन व्यवस्था विकसित करना है. 28 जुलाई तक भारत टैक्सी पर कुल 8.27 लाख सारथियों का पंजीकरण हो चुका है. दिल्ली-एनसीआर में सबसे अधिक 2,61,045 सारथी पंजीकृत हैं. इनमें 1,35,554 कैब, 37,850 ऑटो और 87,641 बाइक चालक शामिल हैं. गुजरात में 1,04,163, महाराष्ट्र में 84,332, उत्तर प्रदेश में 21,621, राजस्थान में 20,599 और चंडीगढ़ में 10,695 सारथी पंजीकृत किए गए हैं. इससे मंच से जुड़े चालकों के व्यापक नेटवर्क का संकेत मिलता है. भारत टैक्सी को आठ प्रमुख राष्ट्रीय सहकारी संस्थानों का समर्थन प्राप्त है. इनमें राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड, अमूल, कृभको, नेफेड, नाबार्ड, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड शामिल हैं.

### आज का इतिहास

- 1915- प्रथम विश्व युद्ध के दौरान वारसा पर जर्मनी का अधिकार हो गया.
- 1921- अमेरिका और जर्मनी ने बर्लिन शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये.
- 1945- अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराया.
- 1949- इक्वाडोर की राजधानी क्विटो में 6.7 की तीव्रता वाले भूकंप से छह हजार लोगों की मौत हुई.
- 1975- बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल का जन्म.
- 1991- न्यायमूर्ति लीला सेठ दिल्ली हाईकोर्ट में जज बनने वाली पहली भारतीय महिला बनीं.

# यूपी में मूकबधिर दंपति समेत तीन की हत्या

**प्रयागराज, 04 अगस्त. प्रयागराज के शाहगंज थाना इलाके में मंगलवार को एक किराये के मकान में तीन लोगों की हत्या कर दी गई. मृतकों में पति-पत्नी समेत दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं. तीनों मूकबधिर थे और उसी मकान में रहते थे.**

- किराए के मकान से तीनों शव बरामद
- पुरुष के शरीर पर चोट के निशान पाए गए

इस तिहरे हत्याकांड से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है. पुलिस की शुरुआती जांच में पुरुष के शरीर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं. हालांकि, दोनों महिलाओं के शरीर पर कोई बाहरी चोट के निशान नहीं पाए गए हैं. घटनास्थल से पुलिस को शराब की बोतलें भी बरामद हुई हैं.

प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि यह वारदात किसी विवाद या लड़ाई-झगड़े के बाद हुई है. घटना की सूचना मिलते ही शाहगंज और खुल्दाबाद समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची. फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं. पुलिस अब मृतकों की पहचान और हत्या के वास्तविक कारणों का पता लगाने में जुटी है.

### स्कूल में टीचर की चाकू मार कर हत्या

**फरीदाबाद.** फरीदाबाद के सिकरौना इलाके में स्थित सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार सुबह एक महिला शिक्षिका की चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई. वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपराध शाखा की टीमों को जांच में लगाया और महज दो घंटे के भीतर 21 वर्षीय आरोपी अमित को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस के मुताबिक, शुरुआती पूछताछ में हत्या की वजह एकतरफा प्रेम सामने आई है. सहायक पुलिस आयुक्त अमन यादव के अनुसार, 3 अगस्त की सुबह सिकरौना गांव स्थित स्कूल में महिला पर चाकू से हमला किए जाने की सूचना मिली थी. महिला की हत्या के संबंध में उसके पति विकास की शिकायत पर सेक्टर-58 थाने में मामला दर्ज किया गया. घटना की गंभीरता को देखते हुए फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखाओं ने अपने सूत्र सक्रिय किए. अपराध शाखा की एवीटीएस सिकरौना टीम ने तकनीकी सहायता और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी की पहचान की. इसके बाद कार्रवाई करते हुए गांव कोट निवासी अमित को घटना की सूचना मिलने के करीब दो घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया गया.

### एक नजर में

#### मुख्य चुनाव आयुक्त से मिले कजाक के राजदूत

**नयी दिल्ली.** मुख्य चुनाव आयुक्त एवं राष्ट्रीय चुनाव निकायों के अंतराष्ट्रीय मंच इंटरनेशनल आईडिया के सदस्य देशों की संचालन परिषद के अध्यक्ष ज्ञानेश कुमार ने मंगलवर को राजधानी में कज़ाख़स्तान के राजदूत अज़ामत येस्कारायेव से मुलाकात की. आयोग द्वारा दी गयी जनाकरी के अनुसार यह मुलाकात निर्वाचन सदन में हुई. इस मुलाकात में दोनों पक्षों ने इसी वर्ष नयी दिल्ली में आयोजित आईआईसीडीईएम 2026 में व्यक्त साझा दृष्टिकोण के अनुरूप लोकतांत्रिक सहयोग को और सुदृढ़ करने की अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुन: पुष्टि की. उन्होंने निर्वाचन प्रबंधन तथा निर्वाचन कर्मियों के प्रशिक्षण के क्षेत्र में सहयोग को और गहरा करने के लिए मिलकर निकटता से कार्य करने पर भी सहमति व्यक्त की.

#### डेंगू के खिलाफ श्रीलंका के साथ भारत

**नई दिल्ली.** डेंगू के प्रसार को नियंत्रित करने के श्रीलंका के प्रयासों में भारत ने एक बार फिर मदद का हाथ बढ़ाया है. भारत के उच्चायुक्त संतोष झा ने मंगलवार को श्रीलंका के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. नलिंदा जयतिस्सा को 500 लीटर टेक्निकल मैलाथियान सौंपा. भारत ने यह सहायता ऐसे समय दी है, जब श्रीलंका के कई अस्पतालों में डेंगू वार्ड अब भी मरीजों से भरे हुए हैं. संतोष झा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस सहायता की जानकारी साझा की. उन्होंने कहा कि भारत डेंगू के खिलाफ लड़ाई में श्रीलंका के साथ खड़ा है. भारत सरकार और जनता की ओर से उपहार के रूप में 500 लीटर टेक्निकल मैलाथियान स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा गया है. इससे श्रीलंका में चल रहे डेंगू नियंत्रण अभियानों को मजबूती मिलेगी. श्रीलंका में डेंगू के दैनिक मामलों में हाल के दिनों में कमी दर्ज की गई है.

#### नौकरी के नाम पर ठगी, 7 गिरफ्तार

**नई दिल्ली.** दिल्ली पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए मास्टरमाइंड समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है. यह गिरोह नौकरी के नाम पर बेरोजगारों से पंजीकरण और अन्य शुल्क के रूप में पैसे ऐंठता था. पुलिस के मुताबिक, करोल बाग के रहने वाले एक शख्स ने शिकायत दर्ज कराई थी कि %नेक्स्ट स्टेप एडवाइजर्स% नाम की एजेंसी के जरिए नौकरी का झांसा देकर उनसे 4,800 रुपये ठग लिए गए. शिकायतकर्ता ने ऑनलाइन नौकरी के लिए आवेदन किया था, जिसके बाद 24 जुलाई को उसे एक व्हाट्सएप संदेश मिला. संदेश भेजने वाले ने खुद को कंपनी का एचआर अधिकारी बताया और अगले दिन उत्तम नगर के एक ऑफिस में साक्षात्कार के लिए बुलाया. वहां उससे पंजीकरण और दस्तावेज शुल्क के नाम पर पैसे लिए गए और यह भरोसा दिलाया गया कि नौकरी लगते ही यह पैसे वापस कर दिए जाएंगे. लेकिन न तो नौकरी मिली और न ही पैसे वापस आए. जब पीड़ित ने उन नंबरों पर संपर्क करना चाहा, तो फोन बंद मिले.

#### भारत-उज्बेक के रिश्ते और मजबूत होंगे : बिरला


**नयी दिल्ली.** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को कहा कि भारत और उज्बेकिस्तान सदियों पुराने ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों से जुड़े हुए हैं और जो दोनों देशों की स्थायी मित्रता की मजबूत नींव हैं. बिरला ने आज संसद भवन में उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्री बख्तियोर सईदोव से मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने संसदीय सहयोग, व्यापार, निवेश, शिक्षा, संस्कृति तथा क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर व्यापक चर्चा की .उन्होंने विश्वास जताया कि बढ़ता राजनीतिक विश्वास, व्यापार एवं निवेश में विस्तार और लोगों के बीच बढ़ते संपर्क आने वाले वर्षों में द्विपक्षीय साझेदारी को नयी ऊंचाइयों तक ले जायेंगे.

# जन्म-मृत्यु पंजीकरण बिल दोनों सदन से पास

## राज्यसभा और लोकसभा से मिली मंजूरी

**नई दिल्ली, 04 जुलाई.** केंद्रीय गृहमंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को राज्य सभा में कहा कि देश जन्म एवं मृत्यु के अनिवार्य पंजीकरण की सार्वभौमिक व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है और इससे संबंधित कानून को मजबूत करने से देश में घुसपैठियों के पंजीकरण पर रोक लगेगी.

श्री राय जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026 पर सदन में चर्चा का जवाब दे रहे थे. उन्होंने सदन में विपक्ष के हंगामे के बीच अपने जवाब में कहा, गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में भारत जन्म-मृत्यु पंजीकरण की सार्वभौमिक व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है. ... उन्होंने कहा कि भारत में जन्म-



मृत्यु पंजीकरण की वर्तमान प्रणाली को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है. श्री राय के जवाब के बाद कुछ विपक्षी सदस्यों की ओर से इस विधेयक में संशोधन प्रस्तावों को सदन ने ध्वनिमत से निरस्त कर विधेयक को यथारूप परित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी. इसके साथ ही विधेयक को संसद के दोनों सदनों की अनुमति मिल गयी है. लोक सभा ने इस विधेयक को पिछले सप्ताह शुक्रवार को मंजूरी दी थी.

### शाह की उपस्थिति की मांग को लेकर विपक्ष का हंगामा

श्री राय ने सदन में गृहमंत्री शाह की उपस्थिति की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों के शोर-शराबे के बीच कहा कि इस संशोधन विधेयक में जन्म या मृत्यु को पंजीकृत कराने में दो वर्ष से अधिक की देरी होने पर रजिस्ट्रार द्वारा पंजीकरण प्रमाण-पत्र केवल केवल प्रथम श्रेणी के न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश के आधार पर जारी किये जाने का प्रावधान है. पंजीकरण के बाकी प्रावधानों में कोई बदलाव नहीं है.



### पीएम मोदी से राजधानी में मिले नीतीश कुमार

**नई दिल्ली, 04 अगस्त.** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जनता दल (यू) के अध्यक्ष नीतीश कुमार ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की. यह मुलाकात ऐसे समय हुई है जब बिहार के बांकीपुर विधान सभा के उप-चुनाव के लिए सोमवार को हुई मतगणना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को करारी हार का सामना करना पड़ा है. जनता दल (यू) केंद्र और बिहार में भाजपा के नेतृत्व वाले सत्तारुढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का एक प्रमुख भागीदार है जबकि बांकीपुर सीट भाजपा के वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की सीट रही है जहां से वह लगातार पांच बार जीते थे. श्री नवीन राज्य सभा के लिए चुन लिये गये हैं और इसलिए उन्होंने विधान सभा की सदस्यता छोड़ दी थी.

### सपा विधायक सचिन यादव पूरे सत्र के लिए निलंबित

**लखनऊ, 04 अगस्त.** उत्तर प्रदेश विधानसभा में स्पीकर ने फिरोजाबाद के जसराना से सपा विधायक सचिन यादव को पूरे सत्र के लिए सदन से बाहर कर दिया है. हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही कल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है. उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित विधान भवन में चल रहे सत्र के दौरान उस समय एक बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया, जब विधानसभा अध्यक्ष ने सख्त कदम उठाते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) के एक विधायक को पूरे सत्र के लिए सदन से बाहर का रास्ता दिखा दिया.

# पेट्रोल नहीं, खेतों का एथेनॉल है भविष्य

## एथेनॉल के समर्थन में किसानों ने शिवराज से मिलकर रखी बात

**नई दिल्ली, 04 अगस्त.** नई दिल्ली के कृषि भवन में मंगलवार को एथेनॉल और किसानों की आय को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से अखिल भारतीय किसान समन्वय समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर एथेनॉल नीति को किसान हित से जोड़ने की मांग रखी.

किसान नेताओं ने साफ कहा कि एथेनॉल खेती के लिए बड़ा अवसर साबित हो सकता है और इससे किसानों की आमदनी बढ़ाने के साथ देश की ऊर्जा सुरक्षा भी




मजबूत हो सकती है. बैठक में पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु सहित कई राज्यों के किसान प्रतिनिधि शामिल हुए. किसानों ने एथेनॉल, न्यूनतम समर्थन मूल्य, बाजार व्यवस्था और कृषि नीति से जुड़े मुद्दों पर अपनी बात रखी. किसान नेताओं ने कहा कि एथेनॉल से खेतों में पैदा होने वाली फसलों को नया बाजार मिल सकता है. गन्ना, मक्का, चावल और अन्य कृषि उत्पादों से एथेनॉल बनने की प्रक्रिया किसानों के लिए अतिरिक्त आय का माध्यम बन सकती है.

# युवाओं के प्रति सरकार संवेदनशील न्याय जल्द मिलेगा : सोरेन

**रामगढ़, 04 अगस्त.** झारखंड में परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और अभ्यर्थियों के आंदोलन के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने छात्रों और युवाओं को न्याय का भरोसा दिलाया है. रामगढ़ पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस संवेदनशील मामले को गंभीरता से ले रही है और किसी भी छात्र के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा.

उन्होंने बताया कि मामले की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल लगातार काम कर रहा है और जल्द ही जांच के निष्कर्ष जनता के सामने रखे जाएंगे. आंदोलन कर रहे छात्रों के सवालों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है. उन्होंने कहा कि सरकार के पास जनता की समस्याओं को समझने और उन पर कार्रवाई करने की पूरी व्यवस्था है. विशेष जांच दल की टीम दिन-रात

- अभ्यर्थियों की मांगों पर झारखंड के सीएम का आश्वासन

मामले की जांच कर रही है. सरकार अब जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेष जांच दल को मामले की तह तक जाने के लिए काम सौंपा गया है.

### हस्तियों के ट्वीट



भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि भारत के राष्ट्रपति की ओर से स्वतंत्रता दिवस रिसेप्शन के लिए मेहमानों को भेजा गया निमंत्रण भारत की सांस्कृतिक और कलात्मक विविधता को दर्शाता है. इस साल का निमंत्रण समुदायों, रचनात्मकता और संरक्षण के बीच आपसी निर्भरता का जश्न मनाता है. इस साल के निमंत्रण और रिसेप्शन की थीम छत्तीसगढ़, गोवा, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की जीवंत कला परंपराओं से प्रेरित है.



भाजपा के अध्यक्ष नितिन नवीन ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि शिक्षा, समाजसेवा और राष्ट्रनिर्माण के प्रति आजीवन समर्पित पद्मश्री डॉ. डी. वाई. पाटिल जी का निधन अत्यंत दु:खद है. समाजकल्याण के क्षेत्र में उनके दूरदर्शी प्रयासों और मानवीय मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने समाज को नई दिशा दी. ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों एवं शुभचिंतकों को यह दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करें.

### मौसम — उत्तराखंड में देहरादून समेत कई इलाकों में तेज बारिश के बाद नदी-नालों का जलस्तर बढ़ा

# बारिश बनी मुसीबत, पहाड़ों से मैदान तक हाहाकार

**नई दिल्ली, 04 अगस्त.** उत्तर भारत में मानसून की सक्रियता ने मंगलवार को कई राज्यों में मुश्किलें बढ़ा दीं. उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में भारी बारिश के

- देहरादून से जयपुर तक बारिश का तांडव
- उत्तराखंड में भूस्खलन और सड़कें धंसीं

कारण कहीं जलभराव हुआ तो कहीं भूस्खलन, सड़क धंसने और पेड़ गिरने जैसी घटनाएं सामने आईं.

कई इलाकों में यातायात



प्रभावित हुआ और प्रशासन को सतर्क रहना पड़ा. उत्तराखंड में देहरादून समेत कई इलाकों में तेज बारिश के बाद नदी-नालों का जलस्तर बढ़ गया. देहरादून में उफान के बीच एक कार पानी में फंस गई. टिहरी और उत्तरकाशी समेत पांच जिलों में भूस्खलन की घटनाएं सामने आईं. कई जगह सड़कें क्षतिग्रस्त हुईं, जबकि एक राष्ट्रीय राजमार्ग के धंसने की भी सूचना है. गंगा का जलस्तर भी चेतावनी स्तर के करीब पहुंच गया है.

हिमाचल प्रदेश में भी बारिश ने परेशानी बढ़ाई. शिमला में बारिश के दौरान चलती बस पर पेड़ गिर गया. वहीं कांगड़ा और सिरमौर में भारी बारिश को लेकर नारंगी चेतावनी जारी की गई है. प्रशासन ने लोगों से अगले दिन सुबह तक सतर्क रहने की अपील की है. हरियाणा के 12 जिलों में मंगलवार को बारिश दर्ज की गई. पंचकूला, अंबाला, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, झज्जर, सोनीपत, पानीपत, हिसार, फतेहाबाद, सिरसा, हांसी और गुरुग्राम में बारिश हुई. करनाल और जींद में भी बूंदाबांदी दर्ज की गई. हिसार,

### अगस्त में अल-नीनो का खतरा

डोलैट कैपिटल की एक रिपोर्ट के अनुसार, पूरे भारत में बारिश की कमी घटकर 12 प्रतिशत रह गई है. हालांकि जलाशयों में पानी का भंडार बढ़ने के साथ-साथ, निकट भविष्य में मध्य और पश्चिमी भारत में सामान्य से अधिक बारिश होने की उम्मीद जताई जा रही है, लेकिन अल नीनो का जोखिम अभी भी बना हुआ है. रिपोर्ट के मुताबिक, इस सप्ताह बारिश के दायरे में सुधार हुआ है.

# आसाराम को 13 साल बाद मिली पैरोल

**जोधपुर, 04 अगस्त.** आसाराम के लिए यह पैरोल इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि जेल जाने के बाद करीब 13 वर्षों में पहली बार उन्हें 20 दिनों के लिए बाहर आने की अनुमति मिली है. पैरोल के दौरान उन्हें संबंधित प्रशासन और अदालत द्वारा तय नियमों एवं शर्तों का पालन करना होगा. पैरोल का उद्देश्य किसी दोषी को सजा से मुक्त करना नहीं होता, बल्कि निर्धारित परिस्थितियों में सीमित अवधि के लिए जेल से बाहर रहने की अनुमति देना होता है. इस दौरान संबंधित व्यक्ति को तय शर्तों के अनुसार ही रहना पड़ता है और अवधि समाप्त होने पर उसे निर्धारित प्रक्रिया के तहत वापस लौटना होता है. आसाराम की पैरोल याचिका जिला कलेक्टर पैनल के समक्ष रखी गई थी.